विधान सभा सचिवालय
मध्य प्रदेश
समाचार

विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों को दी दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं

भोपाल 30 अक्टूबर,2024

विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रदेशवासियों की प्रसन्नता और खुशहाली की कामना करते हुए रोशनी के पर्व दीपावली पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

श्री तोमर ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली हमारे देश की सनातन धर्म की परंपरा का त्यौहार है। श्री तोमर ने कहा कि माता लक्ष्मी जी हमारे प्रदेशवासियों के जीवन में सुख समृद्धि प्रदान करें तथा उनके घर और दिलों को खुशियों से रोशन करें। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि दीपावली का त्योहार न सिर्फ संस्कृति या पौराणिक रूप से बल्कि कलात्मक रूप से भी मन के भावों को प्रफुल्लित करने का अवसर प्रदान करता है।

विस/जसं/24

नरेंद्र मिश्रा
अवर सचिव